## शिक्षा निदेशालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली

## मध्यावधि परीक्षा अभ्यास प्रश्न-पत्र (सत्र: 2025-26)

## विषय: हिंदी    कक्षा: 3

**अवधि: 2 घंटे**    **अधिकतम अंक: 50 अंक**

**सामान्य निर्देश:**

- सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
- प्रश्न-पत्र को चार भागों में बाँटा गया है
  - भाग क (पठन) - 10 अंक
  - भाग ख (लेखन) - 10 अंक
  - भाग ग (व्याकरण) - 10 अंक
  - भाग घ (पाठ्यपुस्तक) - 20 अंक
- प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने अंकित हैं।

### भाग-क (पठन)

**1. दिए गए अपठित गद्यांश को पढ़िए।** **(5x1=5)**

अचानक काले-काले बादल घिर आए। ठंडी हवा चलने लगी। बिजली चमकने लगी और गरजने की आवाज़ आने लगी। यह देखकर मोर नाचने लगे। देखते ही देखते तेज़ बारिश होने लगी। वर्षा होने पर चारों ओर हरियाली छा गई। पेड़ों पर लगे फूल और पत्तियाँ धुल गईं, जिससे वे और भी सुंदर लगने लगे। बच्चों ने बारिश में कागज़ की नाव चलाई और ख़ूब मज़े किए।

**गद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनिए।**

**क) आकाश में कैसे बादल घिर आए?**

I. सफ़ेद-सफ़ेद

II. नीले-नीले

III. काले-काले

IV. गुलाबी-गुलाबी

**ख) बादल घिरने पर क्या होने लगा?**

I. गर्मी बढ़ने लगी

II. ठंडी हवा चलने लगी

III. सूरज निकल आया

IV. तारे चमकने लगे

**ग) बादल गरजने पर कौन नाचने लगे?**

I. बच्चे

II. मोर

III. हिरण

IV. कुत्ते

**घ) बारिश होने पर चारों ओर क्या हो गया?**

I. अंधेरा छा गया

II. हरियाली छा गई

III. कीचड़ हो गया

IV. धूल उड़ गई

**ड) बच्चों ने बारिश में क्या चलाया?**

I. गेंद

II. नाव

III. पतंग

IV. साइकिल

**2. 'वीणा' पाठ्य पुस्तक से दी ली गई कविता 'सीखो' को पढ़िए। (5)**

फूलों से नित हँसना सीखो, भौरों से नित गाना।
तरु की झुकी डालियों से नित, सीखो शीश झुकाना।
सीख हवा के झोंकों से लो, कोमल भाव बहाना।
दूध तथा पानी से सीखो, मिलना और मिलाना।
सूरज की किरणों से सीखो, जगना और जगाना।
लता और पेड़ों से सीखो, सबको गले लगाना।
दीपक से सीखो जितना, हो सके अँधेरा हरना।
पृथ्वी से सीखो प्राणी की, सच्ची सेवा करना।
जलधारा से सीखो आगे, जीवन-पथ में बढ़ना।
और धुएँ से सीखो हरदम, ऊँचे ही पर चढ़ना।

**कविता पढ़ कर दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनिए।**

**क) कविता के अनुसार, फूलों से हमें क्या सीखना चाहिए?**

I. हमेशा खुश रहना
II. मीठे गीत गाना
III. आगे बढ़ते रहना
IV. झुककर प्रणाम करना

**ख) 'तरु की झुकी डालियों' से हमें कौन-सा भाव सीखने को मिलता है?**

I. नम्रता और शिष्टाचार
II. निरंतर आगे बढ़ना
III. दूसरों की सेवा करना
IV. दीपक की तरह जलना

**ग) जगना और जगाना कौन सिखाता है?**

I. पानी
II. हवा
III. सूरज
IV. पेड़

**घ) जलधारा हमें जीवन में क्या सिखाती है?**

I. दूसरों की सेवा करना
II. हमेशा आगे बढ़ते रहना
III. सबको गले लगाना
IV. ऊँचे पर्वत पर चढ़ना

**ड) 'भौंरों से' क्या सीखने की बात कही गई है?**

I. खाना
II. गाना
III. सोना
IV. रोना

## भाग-ख (लेखन)

**3. "फूलदेई" त्योहार के बारे में बताते हुए अपने मित्र को पत्र लिखिए।** **(5)**

प्रिय मित्र________________

आशा है तुम ठीक हो।

__________________________________________________________________________

__________________________________________________________________________

__________________________________________________________________________

__________________________________________________________________________

__________________________________________________________________________

__________________________________________________________________________

______________________________________

_____________________________

_____________________________

_____________________________

**अथवा**

**प्रधानाचार्य को बीमारी हेतु 5 दिन के अवकाश हेतु पत्र लिखिए।**

_________________

_________________

_________________

__________________________________________________________________________

__________________________________________________________________________

__________________________________________________________________________

__________________________________________________________________________

__________________________________________________________________________

__________________________________________________________________________

_________________________________________________________________________

____________________________________

**4. यदि आपको पौधा लगाना हो तो आप कौन सा पौधा लगाएँगे और उसे कैसे लगाएँगे। 5-6 पंक्तियों में लिखकर बताइए। (5)**

**अथवा**

**आप अपनी गर्मी की छुट्टियाँ बिताने कहाँ गए थे। 5-6 वाक्य लिखकर बताइए।**

## भाग-ग (व्याकरण)

**5. दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए** **(5x1=5)**

**क. दिए गए शब्द के लिए तुकांत शब्द लिखिए।**

दाना- ______________

**ख. दिए गए शब्द का बहुवचन लिखिए।**

बच्चा- ______________

**ग. संज्ञा शब्द पर गोला लगाइए।**

मैं दिल्ली में रहती हूँ।

**घ. दिए गए शब्द का विलोम शब्द लिखिए।**

रोना- ______________

**ड़. दिए गए शब्द के लिए उपयुक्त विशेषण शब्द लिखिए।**

______________ बहन

**6. दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** **(5x1=5)**

**क. दिए गए शब्द को उलट कर लिखिए-**

जैसे - नदी - दीन

दबा - ________________

**ग. काम वाले शब्द पर गोला लगाइए-**

रिया ने पत्र भेजा।

**घ. सही वर्तनी शब्द पर गोला लगाइए**

वर्षा      वरसा

**ड़ शब्द रेल पूरी कीजिए।**

घर, रस, ______________, _________________

## भाग-घ (पाठयपुस्तक)

**7. दिए गए प्रश्नों के उतर दीजिए।** **(5x2=10)**

**क. 'मित्र को पत्र' पाठ में आए 2 खेलों के नाम लिखिए।**

I. ________________

II. ________________

**ख. दिया गया वाक्य पाठ 'चतुर गीदड़' में किसने कहा और किससे कहा था?**

"क्या बताऊँ मित्र भूख के मारे मेरे प्राण निकल रहे हैं।"

किसने कहा-________________

किससे कहा- ________________

**ग. सही या ग़लत लिखिए-**

i. दो पैर वाले जीवो को द्विपाद कहते हैं। ____________________

ii. सभी जीवों के केवल दो पैर होते हैं। ______________________

**घ. चार पैरों वाले दो जीवों के नाम लिखिए।**

I. ________________________

II. ________________________

**ड़ वाक्य बनाइए।**

I. त्योहार - ___________________________

II. फूल - ____________________________

**8. पाठ 'बीरबल की खिचड़ी' में वह व्यक्ति पूरी रात पानी में कैसे खड़ा रहा?** **(3)**

______________________________________________________________

______________________________________________________________

______________________________________________________________

______________________________________________________________

______________________________________________________________

**अथवा**

**बीरबल किस लिए प्रसिद्ध था? 3-4 वाक्यों में लिखिए।**

**9. अपने मित्र की सहायता आप किस किस प्रकार से करते हैं? 3-4 वाक्यों में लिखिए। (3)**

**10. गीदड़ ने समझदारी कैसे दिखाई? 4-5 वाक्यों में लिखिए। (4)**

**अथवा**

**आप अपने दोस्त के साथ कौन-कौन से खेल खेलते हैं और उन्हें कैसे खेला जाता है? 4-5 वाक्यों में लिखिए।**